**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**रेलवे भर्ती बोर्ड**

**सीईएन - 05/2025**

**जेई/डीएमएस/सीएमए के विभिन्न पदों की भर्ती**

**जेई/डीएमएस/सीएमए के विभिन्न पदों की भर्ती के लिए द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी-II) की संभावित तिथि के बारे में सूचना।**

1. उपरोक्त सीईएन के द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा का संभावित कार्यक्रम निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | सीईएन संख्या | पद नाम | परीक्षा तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | सीईएन - 05/2025 | जेई/डीएमएस/सीएमए | 02.07.2026 |

2. **परीक्षा शहर, तिथि देखने और एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए यात्रा प्राधिकार डाउनलोड करने के लिए लिंक सभी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर परीक्षा तिथि से 10 दिन पहले लाइव कर दिया जाएगा ।**
3. ई-कॉल पत्रों की डाउनलोडिंग परीक्षा - शहर और तिथि सूचना लिंक में उल्लेखित परीक्षा तिथि से 4 दिन पहले शुरु होगी ।
4. परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले उम्मीदवारों का आधार से जुड़ा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण परीक्षा केन्द्र में किया जाएगा। उम्मीदवारों को अपना मूल आधार कार्ड या ई- सत्यापित आधार का प्रिंटआउट लाना आवश्यक है। उम्मीदवारों को आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान को प्रमाणित कर लेने की सलाह दी जाती है, यदि उन्होनें पहले सेऐसा नहीं किया है तो वे www.rrbapply.gov.in पर अपने क्रेडेंशियल के साथ लॉग-इन कर आधार सत्यापन के माध्यम से अपनी पहचान प्रमाणित कर लें, ताकि वे परीक्षा केन्द्र में आसानी से प्रवेश कर सकें।
5. उम्मीदवारों जिनमें वे उम्मीदवार भी शामिल हैं जिन्होनें आवेदन जमा करने के दौरान अपने आधार का सत्यापन कराया है, उनसे यह अनुरोध है कि वे अपने हित में यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा केंद्र पर आने से पहले उनका आधार यूआईडीएआई प्रणाली में अनलॉक स्थिति में रहे, ताकि परीक्षा के दिन असुविधा से बचा जा सके तथा पंजीकरण और परीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं में सुविधा हो।
6. उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि, वे भर्ती प्रकिया के बारे में नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों को ही देखें। कृपया अप्रमाणित स्त्रोतों से गुमराह ना हों।
7. उन दलालों से सावधान रहें जो अवैध माध्यमों के आधारपर नौकरी दिलाने के झूठें वादें करके उम्मीदवारों को गुमराह करने की कोशिश कर सकते है। आरआरबी के द्वारा चयन कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) पर आधारित होता है, और भर्ती केवल उम्मीदवारों की योग्यता के आधार पर होता है।

**दिनांक : 21.05.2026**

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**